जाए । दूसरे मामले में निपटान प्रक्रिया चल रही है । पूरे मामले की सूचना पुलिस को द दी गई है तथा दोषी पाए गए कर्मचारियों के विरुध्द अनुशासनिक कार्रवाई की जा रही है ।

डाकियों की संख्या बढ़ाया जाना

51. **डा० बापू कालदाते** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डाक विभाग द्वारा डाकियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए क्या मानदण्ड अपनाया जा रहा है;

(ख) क्या यह सच है कि पिछले दस वर्ष में डाकियों के कार्य-भार में दुगनी वृद्धि हुई है लेकिन उनकी संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है;

(ग) यदि हां, तो मुम्बई में वर्तमान डाकियों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार पिछले दस वर्षों में डाकियों के कार्यभार में हुई वृद्धि का पुनर्विलोकन करते हुए मुम्बई में और अधिक डाकियों की भर्ती करने का विचार रखती है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) डाकियों के पद विभाग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार स्वीकृत किए जाते है, जिनमें जनसंख्या का घनत्व, तय की जाने वाली दूरी, वितरित की जाने वाली डाक-मदों की संख्या तथा स्वरूप आदि को ध्यान में रखा जाता है। डाकिये का कोई अतिरिक्त पद सृजित करने का औचित्य तभी बनता है जब कार्यभार डाकियों की गश्त की निर्धारित सीमाओं से अधिक हो जाता है।

(ख) जी नहीं।

(ग) मुम्बई में इस समय डाकियों की संख्या 4412 है।

(घ) से (च) सरकार द्वारा नए पदों के सृजन पर प्रतिबंध को ध्यान में रखते हुए इस समय मुम्बई में डाकियों के अतिरिक्त पद मंजूर करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, स्थिति की लगातार मानीटरिंग की जाती है और प्रचालन संबंधी आदश्कताओं को ध्यान में रखते हुए, जिस डाकघर में डाकियों के फालतू पद पाए जाते हैं उन्हें वहां से हटाकर उस डाकघर में पुन: तैनात किया जाता है जहां उनकी आवश्यकता होती है।

Manufacture of large switches

52. SHRI DIGVIJAY SINGH: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have selected three foreign technologies for the manufacture of large switches; and

(b) if so, what are the details thereof and by when their production is likely to start?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) and (b) No Sir. The selection process has not been completed.

Modernilation of telephone exchanges in Northern States

53. SHRI DIGVIJAY SINGH: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government are thinking to undertake the expansion/modernisation of telephone exchanges in Northern States during the Eighth Five Year Plan period;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Yes, Sir.

(b) The statement is attached. (*See* below).

(c) Question does not arise.